–प्रेस नोट–
जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक 23.04.2024

➢ थाना बुढाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार–

दिनांक 23.04.2024 को थाना बुढाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री सुधीर कुमार मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त संजय पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम बडौदा थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर को बडौदा सठेडी मार्ग पर आर्य इण्टर कॉलिज के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 600 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढाना पर मु0अ0सं0 157/2024 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोग की विवेचना उ0नि0 श्री सुरेन्द्र राव द्वारा की जा रही है।

➢ थाना छपार पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–

दिनांक 23.04.2024 को थाना छपार पर नियुक्त उ0नि0 श्री नवीन कुमार गौतम मय हमराहीगण द्वारा दौराने चैकिंग अभियुक्त समीर पुत्र अहसान निवासी खालापार थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को शामली पानीपत हाईवे के नीचे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 चाकू नाजायज बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना छपार पर मु0अ0सं0 105/2024 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोग की विवेचना उ0नि0 श्री सुरेन्द्र राव द्वारा की जा रही है।

➢ थाना चरथावल पुलिस व एसओजी की सयुक्त टीम की बदमाशों से हुई पुलिस मुठभेड के दौरान 50 हजार का ईनामी/वांछित अभियुक्त घायल/गिरफ्तार–

दिनांक 23.04.2024 को थाना चरथावल प्रभारी निरीक्षक श्री जसवीर सिंह मय हमराहीगण व एसओजी की सयुक्त टीम द्वारा पुलिस मुठभेड के दौरान 50 हजार का ईनामी व वांछित अभियुक्त मोहन उर्फ गूंगा पुत्र तिलकराम निवासी ग्राम रामपुरा थाना झिंझाना जनपद शामली को चरथावल व कुटेसरा के बीच नहर पटरी के पास से घायल/गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 बिना नम्बर की मोटर साईकिल व 01 तमंचा मय 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चरथावल पर मु0अ0सं0– 89/2024 धारा 307,414 भादवि व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।